# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdajodhpur@yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7


क्रमांक / टीसीबी / 2013 /   दिनांक ::   नवम्बर, 2013

## बैठक कार्यवाही विवरण

आगामी दीपावली के पर्व एवं विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर यातायात व्यवस्था आदि पर विचार विमर्श करने हेतु जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक दिनांक 1 नवम्बर, 2013 को अपरान्ह 3.00 बजे जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में प्राधिकरण स्थित कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारी / न्यायमित्र की सूची परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 11 जुलाई, 2013 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि**

बैठक में अवगत कराया गया कि जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की गत बैठक दिनांक 11 जुलाई, 2013 का कार्यवाही विवरण जारी किया जा चुका है। अतः अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 11 जुलाई, 2013 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 2 :: शहर के प्रमुख सडक मार्गों के नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण के संबंध में**

बैठक में उपस्थित निदेशक–अभियांत्रिकी प्राधिकरण ने गत विभिन्न बैठकों में सडक मार्गों के नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण के संबंध में लिये गये निर्णयों की अनुपालना में निष्पादित कार्यों का विस्तृत प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में प्रस्तुत प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निष्पादित करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया।

बैठक में आयुक्त ने जगह जगह पर पानी की पाईप लाईन के लिकेज तुरन्त दुरूस्त करने हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश प्रदान किये।

बैठक में नवनिर्मित सड़कों पर यातायात संकेत हेतु पेन्ट करवाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

बैठक में निदेशक–अभियांत्रिकी प्राधिकरण ने अवगत कराया गया कि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पास स्थापित मूर्तियां / शहीद स्मारक पर माकूल लाईट की व्यवस्था कर दी गयी है। निदेशक–अभियांत्रिकी प्राधिकरण ने उक्त क्षेत्र में अंधेरा रहने का मुख्य कारण बिजली के उपकरण चोरी होना है।

**प्रस्ताव संख्या 3 :: वाहन प्रदूषण की जांच के संबंध में**

बैठक में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस द्वारा अवगत कराया कि मोबाईल प्रदूषण जांच केन्द्र तीनों शिफ्ट में नियमित रूप से कार्यरत् है तथा शहर के 16 पेट्रोल पम्पों पर "पोल्यूशन अण्डर कण्ट्रोल" के प्रमाण–पत्र जारी किये जा रहे है। प्रादेशिक परिवहन

अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया कि दो निजी मोबाईल प्रदूषण जांच केन्द्र भी संचालित की जा रही है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से शहर में शेष ऐसे पेट्रोल पम्प जहॉ प्रदूषण जांच केन्द्र संचालित नहीं हो रहे है, के संबंध में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अधिकारी तेल कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करें तथा माननीय न्यायालय इस प्रकरण में कितना गम्भीर है, इस बात से अवगत कराते हुए शेष पेट्रोल पम्प पर भी प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 4 :: यातायात संकेतकों की स्थापना व कियान्वयन के संबंध में**

बैठक में उपस्थित निदेशक–अभियांत्रिकी प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग सभी यातायात संकेत लगाये जा चुके है। बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि शहर में यातायात संकेतकों की स्थापना हेतु नगर निगम, जोधपुर को राज्य सरकार द्वारा 5.00 लाख रूपये की राशि आवंटित की है। उक्त राशि के उपयोग के संबंध में रिपोर्ट ली जानी उचित होगी।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से नगर निगम, जोधपुर को आवंटित 5.00 लाख रूपये की राशि की उपयोगिता के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया तथा यातायात पुलिस को नगर निगम, जोधपुर से समन्वय स्थापित कर यातायात संकेतक लगाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 5 :: प्रमुख सडक मार्गों पर आवारा पशुओं की आवाजाही को नियंत्रित किये जाने के संबंध में**

बैठक में प्रमुख सड़क मार्गों पर पाये जाने वाले यातायात में बाधक आवारा पशुओं की आवाजाही को नियंत्रित करने के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि नगर निगम की गैंग द्वारा आवारा पशुओं को पकडे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

बैठक में सड़क पर गायों के रिजका बेचने तथा उससे होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में विचार विमर्श कर सड़क के किनारों आदि पर रिजका बेचने पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने तथा आवारा गौवंश को पकडे जाने की प्रभावी कार्यवाही करने तथा उक्त कार्य को नियमित रूप से तथा प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 6 :: खराब कैमरों को ठीक करवाने के संबंध में।**

बैठक में अवगत कराया गया कि शहर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख स्थानों पर स्थापित कैमरे खराब पड़े है। जिसके कारण इनका वांछित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति खराब पड़े कैमरों को ठीक करवाने हेतु नियमानुसार निविदा जारी कर उक्त कैमरों की मरम्मत करवाकर चालू कर उपयोग में लेने हेतु निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 7 :: स्टॉप लाईन पर कैमरे स्थापित किये जाने के संबंध में।**

बैठक में स्टॉप लाईन पर कैमरे स्थापित किये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित अधीक्षण अभियन्ता–विद्युत सार्वजनिक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि इस हेतु प्रत्येक चौराहे पर 8 कैमरे स्थापित किये जाने होंगे जिस पर कुल 48.00 लाख रूपये का व्यय आयेगा।

बैठक में विस्तृत विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से उपरोक्तानुसार व्यवस्था सोजतीगेट के पास स्थित पुलिस कण्ट्रौल रूम के पास स्थित चौराहे पर विकसित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 8 :: गौरव पथ (मेडिकल कॉलेज के पास) पर स्थ्थित गांधी मूर्ति के पास स्लीप लैन विकसित करने के संबध में।**

बैठक में उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त–पुलिस (यातायात) ने अवगत कराया कि गौरव पथ मेडिकल कॉलेज के पास स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति के पास स्लीप लैन विकसित की जानी आवश्यक है। बैठक में उपस्थित निदेशक–अभियांत्रिकी प्राधिकरण ने अवगत कराया कि उक्त क्षेत्र में यूनिपोल शिफ्ट नहीं होने के कारण उक्त स्लीप लैन का निर्माण नहीं हो रहा है। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उक्त यूनिपोल को शिफ्ट करने की कार्यवाही करने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(पी.एस. [illegible])
सचिव

क्रमांक / टीसीबी / 2013 / दिनांक :: नवम्बर, 2013

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. श्री आनन्द पुरोहित, अतिरिक्त महाधिवक्ता, / श्री लूणकरण पुरोहित, अधिवक्ता / श्री अशोक छंगाणी, अधिवक्ता / श्री प्रीतम सोलंकी, अधिवक्ता / श्री पंकज शर्मा, अधिवक्ता / श्री विपुल सिंघवी, अधिवक्ता, न्यायमित्र / श्री आर.एस. सलूजा, अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय एवं आवासन विभाग, राज. जयपुर ।
3. निजी सचिव, महापौर, नगर निगम, जोधपुर।
4. निजी सचिव, अध्यक्ष, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
5. निजी सचिव, जिला कलक्टर, जोधपुर।
6. पुलिस उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / मुख्यालय एवं यातायात / पुलिस अधीक्षक–ग्रामीण, जोधपुर।
7. निजी सचिव, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
8. रजिस्ट्रार, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
9. मण्डल प्रबन्धक, भारतीय दूर संचार निगम लिमिटेड, जोधपुर
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी / आयुक्त, जोधपुर नगर निगम, जोधपुर।
11. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर।
12. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर।
13. प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर।
14. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड, जोधपुर।
15. मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर।
16. जिला रसद अधिकारी, जोधपुर

17. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर।
18. महाप्रबन्धक (प्रचालन), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर
19. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/जो.वि.वि.नि.लि, जोधपुर।
20. क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको, बोरानाडा/जोधपुर
21. उप आवासन आयुक्त–प्रथम/द्वितीय, राजस्थान आवासन मण्डल, जोधपुर
22. मुख्य नियंत्रक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
23. उप निदेशक, पर्यटन, जोधपुर।
24. प्रबन्धक, पश्चिमी राजस्थान कॉ–आपरेटिव डेयरी फैडरेशन, हैवी इण्डस्ट्रीयल एरिया, जोधपुर
25. निदेशक अभियांत्रिकी/आयोजना/विधि/वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
26. उपायुक्त–पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
27. कमाण्डर, 45 सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, पावटा बी रोड, जोधपुर
28. अधिशाषी अभियन्ता–नगरवृत/विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर
29. अधिशाषी अभियन्ता, ................ (समस्त) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
30. वरिष्ठ लेखाधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
31. उप नगर नियोजक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
32. तहसीलदार, पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
33. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
34. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को कार्यवाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने तथा संबंधित अधिकारियों को जरिये ई–मेल प्रेषित करने हेतु प्रेषित हे।
35. ————————————————————————

(पी.एस. [signature])
सचिव

परिशिष्ट–1

**दिनांक 1 नवम्बर, 2013 को अपरान्ह 3.00 बजे श्री शफी मोहम्मद कुरेशी, जोधपुर विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण**

| क्र.सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री अशोक छंगाणी, वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायमित्र, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर |
| 2. | श्रीमती सुमन भाटी, अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 3. | श्री आर.एन. विश्नोई, अधिशाषी अभियन्ता (सी.डी.–1), जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर |
| 4. | श्री एम.के. राठौड, जिला परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 5. | श्री कैलाशदान जुगतावत, अतिरिक्त उपायुक्त–यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 6. | श्री यू.एस. चौहान, अधीक्षण अभियन्ता (सी.सी.), जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर |
| 7. | श्री के.के. माथुर, निदेशक–अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 8. | श्री आर.एस. सांखला, अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |
| 9. | श्री वी.के. वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |
| 10. | श्री यू.एस. सोलंकी, अधिशाषी अभियन्ता (तकनीकी सलाहकार – अधीक्षण अभियन्ता – शहर), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर |
| 11. | श्री विपिन कुमार, ए.ई.ई. (सिविल), मुख्यालय 45 सीमा सडक कृतिक बल, जोधपुर |
| 12. | श्री एम. चौधरी, मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर |
| 13. | श्री वसीम अख्तर, जी.आई.एस. स्पेसलिस्ट, राजीव आवास योजना, जोधपुर |
| 14. | श्री पी.एस. नागा, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |